हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 23 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। नवनियुक्त कर्मी गृहमंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, वित्तीय सेवाएं और अन्य मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे। रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार सृजन की सर्वोच्च प्राथमिकता के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवा सभी को प्रेरित करती रहेगी।

****

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर नई दिल्ली में किसान घाट पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मीडिया से बातचीत में श्री धनखड़ ने कहा कि अगले वर्ष किसान दिवस के आयोजन के 25 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे और हर किसी को वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रण लेना चाहिए ताकि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा जा सके।

****

हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद के लिए अधिसूचना जारी की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी की गई इस अधिसूचना का उद्देश्य किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दस अतिरिक्त फसलों की न्यूनतम स्थान मूल्य पर खरीद की घोषणा की गई थी। इन फसलों में रागी, सोयाबीन, नाइजरसीड, कुसुम, जौ, मक्का, ज्वार, जूट, खोपरा और ग्रीष्मकालीन मूंग शामिल हैं। ये फसलें अब उन 14 फसलों की सूची में शामिल हो जाएंगी, जिनकी खरीद पहले से न्यूनतम। समर्थन मूल्य पर ही की जा रही है। इनमें धान, बाजरा, खरीफ मूंग, उड़द, अरहर, तिल, कपास, मूंगफली, गेहूं, सरसों, चना, मसूर, सूरजमुखी और गन्ना जैसी महत्वपूर्ण खाद्य और नकदी फसलें शामिल हैं।यह अधिसूचना केंद्र सरकार की न्यूनतम। समर्थन मूल्य नीति के अनुरूप है। इसके अलावा, गन्ने की खरीद उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी)

पर जारी रहेगी।सभी अधिसूचित फसलों की खरीद भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर केवल मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों से की जाएगी।

****

आज राष्ट्रीय किसान दिवस पर हरियाणा,पंजाब के कई हिस्सों और चंडीगढ़ में सर्दी की पहली बारिश हुई और कई जिलों में सुबह घना कोहरा भी देखा गया।सर्दी के मौसम की पहली बरसात ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है और उन्होंने इस बारिश को सभी फसलों के लिए लाभकारी बताया है।आज जींद में हमारे संवाददाता ने किसानों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हालांकि बारिश सभी फसलों के लिए अच्छी है लेकिन
गेहूं की फसल के लिए एक तरह से सोना बरस रहा है।

किसानों ने यह भी बताया कि इस बरसात से बेल वाली फसलों को भी लाभ होगा तथा मधुमक्खी पालन का व्यवसाय करने वालों के लिए भी आज की बरसात काफी लाभकारी है। बारिश कृषि के लिए तो अच्छी है ही इससे पर्यावरण भी स्वच्छ होगा और प्रदूषण में कमी आएगी।

****